रायगढ़, मंगलवार
24.4.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

# साप्ताहिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com 4 में पढ़ें- देश-विदेश की खबरें .... 6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन .... » वर्ष-2 » अंक - 22 »

## अंतर्राष्ट्रीय खबर....

## उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध हटाने के लिए अमेरिका ने रखी ये शर्त



**आरएनएस**/अमेरिका उत्तर कोरिया पर लगाए गए प्रतिबंध तब तक नहीं हटाएगा जब तक वह अपने परमाणु कार्यक्रमों को काफी हद तक समाप्त ना कर दे। अमेरिकी अखबार वाल स्ट्रीट जर्नल ने प्रशासनिक अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जब राष्ट्रपति कहते हैं कि वह अतीत की गलतियों को नहीं दोहराएंगे, तो इसका मतलब है कि अमेरिका उत्तर कोरिया को तब तक पयार्प्त राहत नहीं देगा (जैसे प्रतिबंधों को हटाना) जब तक वह अपने परमाणु कार्यक्रमों को काफी हद तक खत्म नहीं कर दे। बता दें कि हाल ही में उत्तर कोरिया के तनाशाह किम जोंग उन ने परमाणु परीक्षण को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है। उत्तर कोरिया ने तत्काल प्रभाव से अपने परमाणु और मिसाइल परीक्षणों स्थगित करने का फैसला लिया है। किम के इस फैसले के बाद कोरियाई प्रायद्वीप में आर्थिक विकास और शांति बहाल करने के लिए देश के उत्तरी हिस्से में स्थित एक परमाणु परीक्षण स्थल को नष्ट कर दिया गया है। यह जानकारी उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने दी थी। किम जोंग उन के इस ऐलान पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी खुशी जाहिर की थी। किम की घोषण के बाद ट्रंप ने ट्वीट किया था की नॉर्थ कोरिया ने परमाणु परीक्षण ना करने का ऐलान किया है, ये ना सिर्फ नॉर्थ कोरिया के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक अच्छी खबर है-एक बड़ी तरक्की है ये।

## अस्पताल में थर्मामीटर के इस्तेमाल से फैल रहा सुपरबग : शोध



सुपरबग के संक्रमण से स्वास्थ्य विशेषज्ञ काफी सतर्क रहते हैं। एक नए अध्ययन में सुपरबग के लिए अस्पतालों में कई मरीजों द्वारा एक ही थर्मामीटर के इस्तेमाल को जिम्मेदार ठहराया गया है। अस्पतालों में जानलेवा सुपरबग के फैलने के पीछे विशेषज्ञों ने विभिन्न मरीजों के बीच एक ही थर्मामीटर के इस्तेमाल को वजह बताया है। इनका कहना है कि इसके कारण जापानी फंगल इनफेक्शन बढ़ गया है। यह अध्ययन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने किया है। अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं ने देखा कि ज्यादातर संक्रमित मरीज बाजुओं में लगाने वाला एक ही थर्मामीटर का इस्तेमाल कर रहे थे। यह संक्रमण अब तक ब्रिटेन के 55 अस्पतालों के दो सौ मरीजों को अपनी चपेट में ले चुका है। इसके लिए पहले स्टाफ की कमी को जिम्मेदार ठहराया गया, मगर बाद में थर्मामीटर पर विशेषज्ञों ने ध्यान केंद्रित किया। विशेषज्ञों ने कहा कि जिन मरीजों का रोग प्रतिरोधक तंत्र कमजोर होता है उनके रक्त प्रवाह में फंगस से संक्रमण हो सकता है। यह जानलेवा भी साबित हो सकता है या इसके कारण सुनने की ताकत खत्म हो सकती है। विशेषज्ञों ने संक्रमित मरीजों की जांच में देखा कि इन्हें सुपरबग का इनफेक्शन अस्पताल में भर्ती होने के बाद हुआ। इनकी बीमारी तमाम तरह के नियंत्रण के बावजूद काबू में नहीं आ रही थी। इसके बाद कई मरीजों के बीच इस्तेमाल होने वाले उपकरणों पर जब ध्यान दिया गया तो कई मरीजों की हालत बेहतर हो गई।

## दुनिया के सबसे ज्यादा उम्र की महिला का निधन, 4 अगस्त 1900 में पैदा हुई थी महिला

दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला का जापान में शनिवार को निधन हो गया है। जापान की सबसे अधिक उम्र की महिला 117 साल की नाबी ताजिमा का निधन दक्षिणी जापान के एक अस्पताल में हुआ। वो जनवरी से अस्पताल में भर्ती थीं। एक अंग्रेजी वेबसाइट के मुताबिक महिला का जन्म 4 अगस्त 1900 में हुआ था। बताया जाता है कि महिला नाबी लंबे समय से बीमार थीं और अस्पताल में भर्ती थीं। यह भी कहा जाता है कि उनके 160 से परिवार के लोग हैं, जिनमें बड़े-बड़े पोते भी शामिल हैं। जमैका में सितंबर में 117 साल के वायलैट ब्राउन के निधन के बाद वो दुनिया की सबसे ज्यादा उम्र की महिला बन गई थीं। यूएस ग्रेनोटोलॉजी रिसर्च ग्रुप के अनुसार एक और जापानी महिला चियोमियाको उनके रिकॉर्ड के आधार पर अब दुनिया की सबसे ज्यादा उम्र की महिला बन गई हैं।

## भारत-चीन संबंध: सीमा विवाद और मानसरोवर यात्रा के लिए नाथूला दर्रे को खोलने पर बनी सहमति




**आरएनएस**/ डोकाला विवाद और मसूद अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने पर चीनी अड़ंगे की वजह से भारत-चीन रिश्तों पर जमी बर्फ अब पिघलने लगी है। शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन से पहले मंत्री स्तर की वार्ता के लिए बीजिंग गई विदेशमंत्री सुषमा स्वराज की रविवार को अपने चीनी समकक्ष वांग यी से इतनी सकारात्मक वार्ता हुई कि इसके तुरंत बाद 27 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी की चीन दौरे की घोषणा कर दी गई। चार दिवसीय यात्रा पर बीजिंग आई स्वराज ने रविवार को अपने चीनी समकक्ष स्टेट काउंसलर वांग यी से मुलाकात की और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और अन्य वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की और मिलजुलकर इनसे निपटने की बात कही। बाद में संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में विदेशमंत्री ने कहा, हमारा मानना है कि हमारे बीच की साझा चीजें हमारे मतभेद पर भारी हैं। हमारे मतभेदों के परस्पर स्वीकार्य समाधान के लिए हमें एक दूसरे से मिलती जुलती चीजों पर ही आगे बढ़ना चाहिए। वांग यी ने भी इसपर सहमति जताई और पुष्टि की कि चीन इस वर्ष सतलुज और ब्रह्मपुत्र नदी से जुड़े आंकड़ों को भारत के साथ साझा करेगा। प्रेस कांफ्रेंस में चीन के स्टेट काउंसलर वांग ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वुहान शहर में 27-28 अप्रैल को अनौपचारिक शिखर वार्ता करेंगे। इस दौरान विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होगी। इस महीने कई स्तरों पर बात - 12 अप्रैल राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन के शीर्ष राजनयिक यांग जेइची से मिले - 22 अप्रैल को विदेशमंत्री सुषम स्वराज ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की - 23-25 तक रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण का भी चीन दौरा प्रस्तावित कई मुद्दों पर होगी चर्चा - 27-28 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की शीर्षस्थ स्तर पर वार्ता यी होंगे चीन के विशेष सीमा वार्ताकार प्रतिनिधि चीन ने अपने विदेशमंत्री वांग यी को भारत-चीन सीमा वार्ता के लिए अपना नया विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया है। यी की नियुक्ति की पुष्टि उस समय की गई, जब वह विदेशमंत्री सुषमा स्वराज से द्विपक्षीय वार्ता कर रहे थे। वह यांग जेइची की जगह लेंगे, जिन्हे कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीआई)के पोलित ब्यूरो का सदस्य बनाया गया है। पीएम मोदी अगले हफ्ते करेंगे बीजिंग का दौरा, जिनपिंग से होगी मुलाकात रिश्तों के तीन आयाम सहयोग - सतलुज और ब्रह्मपुत्र नदी में जल से जुड़े आंकड़ों को साझा करेगा - कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नाथूला दर्रे को खोलने पर बनी सहमति संघर्ष - भारतीय सीमा पर बार-बार चीनी सेना की ओर से की जा रही हैं ।

## क्लास की छत टपकती रही और गुरुजी छाता लगाकर पढ़ाते रहे



हमारे शास्त्रों में गुरु को सबसे ऊंचा स्थान नहीं दिया जाता है। यह सम्मान दुनिया के हर उस टीचर, अध्यापक या गुरु को मिलना चाहिए, जो अपने छात्रों के लिए दुश्वारियों से लड़ते हैं। ऐसे ही एक अध्यापक हैं चीन के शांचू प्रांत के स्कूल में पढ़ाने वाले यह अनाम टीचर। इनका एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह क्लासरूम की टपकती छत के बीच छाता लगाकर छात्रों को पढ़ते नजर आ रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि कैसे यह शिक्षक बारिश के चलते टपक रही छत को भी छात्रों की पढ़ाई के बीच नहीं आने दे रहा है। वह छाता लगाकर अपने छात्रों को ब्लैकबोर्ड पर कंप्यूटर से जुड़ी कोई जानकारी दे रहे हैं। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, जिस कमरे में यह टीचर छात्रों को पढ़ा रहे हैं उसकी दीवारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं और उनकी मरम्मत का काम चल रहा है। इस बात की पुष्टि कॉलेज के छात्रों ने भी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब शिक्षक कक्षा में आए तो उन्होंने देखा कि छत टपक रही है। फिर भी उन्होंने छात्रों को छुट्टी नहीं दी और उन्हें पढ़ाने का फैसला किया। सोशल मीडिया पर तस्वीरों और वीडियो के वायरल होने के बाद कॉलेज प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही बिल्डिंग की मरम्मत काम पूरा हो जाएगा। टीचर की यह तस्वीर सामने आने के बाद पूरी दुनिया में टीचर के समर्पण की तारीफ की जा रही है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो मध्य चीन के हेनान प्रांत के शांचू शहर में शांचू टीचर्स कॉलेज का है। वीडियो से शिक्षक के नाम का पता नहीं चल रहा है।

## OMG इस स्काईस्क्रेपर को मोड़कर ले जा सकते हैं आपदा वाली जगह



प्राकृतिक आपदा आने पर बड़ी संख्या में लोग बेघर हो जाते हैं। प्रशासन के सामने सबसे बड़ा सवाल इनके तुरंत पुनर्वास का होता है। ऐसे में कल्पना कीजिए एक ऐसे विकल्प की जिसे मोड़कर एक जगह से दूसरी जगह रखा जा सके और इसमें काफी संख्या में लोग शरण पा सकें। पोलैंड के एक समूह ने एक ऐसा स्काईस्क्रेपर बनाने का दावा किया है, जिसे मोड़ने के साथ ही आपदा प्रभावित क्षेत्र में स्थापित भी किया जा सकता है। इसमें हीलियम के गुब्बारे का इस्तेमाल किया गया है, जिसकी वजह से इसे मोड़ा जा सकता है। खास बात यह है कि इसे एक बॉक्स में पैक हेलिकॉप्टर की मदद से एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। जापान की कागज को मोड़कर कई तरह की चीजें बनाने की कला की तर्ज पर आधारित यह स्काईस्क्रेपर सैकड़ों को लोगों को तत्काल छत मुहैया करा सकता है। इसे पोलैंड के तीन आर्किटेक्ट दामियान ग्रैनोसिक, जेकुब कुलिसा और पोत्र पैनजिक के समूह ने डिजाइन किया है, जिसे स्काईशेल्टर.जिप नाम दिया है। इस डिजाइन को हाल ही में इवोलो स्काईस्क्रेपर कंटीशन में 525 आर्किटेक्ट के डिजाइन के बीच पहला स्थान मिला। इस स्काईस्क्रेपर को स्थापित करने के लिए प्राकृतिक आपदा में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले टेंट या कंटेनर 30 गुना कम जगह चाहिए होती है। इसमें हल्की और 3डी तकनीक से प्रिंट की गई स्लैब का इस्तेमाल किया गया है। यह स्लैब चारों ओर लगी हीलियम के गुब्बारे की दीवार के हवा भरने के साथ ही ऊपर उठने लगती है। इस स्काईस्क्रेपर की एक और खास बात यह है कि इसकी मंजिलों और कमरों की संख्या को जरूरत के हिसाब से घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

## कोलेस्ट्रॉल घटाने वाले इंजेक्शन से 25 कम होगा हार्ट अटैक का खतरा



ब्रिटिश विशेषज्ञों ने कोलेस्ट्रॉल घटाने के लिए एक ऐसा इंजेक्शन बनाने में सफालता हासिल की है, जिससे हार्ट अटैक के खतरे को 25 फीसदी तक घटाया जा सकता है। इस नतीजे पर पहुंचने के लिए विशेषज्ञों ने 19000 मरीजों पर अध्ययन किया और इसके परिणाम बीते माह हुई यूएस कार्डियोलॉजी कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत किए गए। तकरीबन दो साल पहले ब्रिटिश दवा नियंत्रक नाइस ने एलिरोक्यूमैब के लिए एनएचएस को मंजूरी दी थी। संस्थान ने ऐसे लोगों को यह इंजेक्शन लगाने की मंजूरी दी थी, जिनके परिवार में हाई कोलेस्ट्रॉल का इतिहास रहा है। विशेषज्ञों ने बताया कि इस इलाज पर एक साल में 408066 रुपये का खर्च आएगा। मगर इसके इस्तेमाल से हार्ट अटैक की आशंका को 25 फीसदी तक घटाया जा सकता है। इस शोध में शामिल सभी मरीजों को पहले हार्ट अटैक हो चुका था या हृदय संबंधी अन्य समस्या के शिकार थे। शोध के दौरान देखा गया कि एलिरोक्यूमैब हृदय संबंधी बड़ी समस्याओं के खतरे 15 फीसदी तक कम किए जा सके। बाजार में यह दवा प्रालुएंट के नाम से उपलब्ध है। जिन मरीजों के कोलेस्ट्रॉल का स्तर बहुत ज्यादा था ।

## हादसा: उत्तर कोरिया में सड़क दुर्घटना, कई चीनी नागरिकों की मौत



उत्तर कोरिया में आज एक सड़क हादसा हुआ। इसमें कई लोगों की जान चली गई। मरने वालों में ज्यादातर चीन के कई पर्यटक थे। चीन के विदेश मंत्रालय ने आज इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कल शाम यह हादसा हुआ है जिसमें कई लोगों के हताहत होने की खबर है। उन्होंने कहा कि चीनी राजनयिक घटनास्थल पर पहुंच गये हैं। मंत्रालय ने हताहत होने वाले लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। चीनी अंग्रेजी चैनल ने आज सुबह ट्वीट कर बताया कि एक पर्यटक बस पुल से नीचे गिर गयी है और इसमें 30 से अधिक लोगों की मौत हो गयी है, लेकिन बाद में चैनल ने इस ट्वीट को हटा लिया।

## काबुल में आत्मघाती विस्फोट में 54 की मौत, आईएसआईएस ने ली जिम्मेदारी





अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में मतदाता एवं पहचान पत्र पंजीकरण केंद्र के बाहर हुए एक आत्मघाती हमले में कम से कम 54 लोगों की मौत हो गई और 110 से अधिक लोग घायल हुए हैं। चुनावी तैयारियों को बाधित करने के लिए किया गया यह ताजा हमला है। इससे यहां 20 अक्तूबर को होने वाले चुनावों की सुरक्षा की चिंता बढ़ गई है, जिसे अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनावों की परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। काबुल पुलिस के प्रमुख दाऊद अमीन ने कहा, धमाका केंद्र के प्रवेश द्वार पर हुआ। यह एक आत्मघाती हमला था। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता वाहिद मजरुह ने बताया कि हमले में 54 लोग मारे गए हैं और अन्य 112 लोग घायल हुए हैं। यह आंकड़ा कहां तक पहुंच सकता है इसकी तत्काल पुष्टि नहीं की जा सकती लेकिन एक पुलिस अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि कम से कम 25 लोग मारे गए हैं और 70 अन्य घायल हैं। इससे पहले गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नजीब दानिश ने हमले में नौ लोगों की मौत और 56 लोगों के घायल होने की बात कही थी। उनसे ताजा आंकड़ों के लिए तत्काल संपर्क नहीं किया जा सका। अफगानिस्तान अधिकारी अक्सर ऐसे हमलों में अलग-अलग आंकड़े देते हैं और उनपर पर्दा डालने की कोशिश भी करते हैं। मतदान केंद्र को निशाना बनाकर किया गया यह ताजा हमला है जो शहर के पश्चिम में शिया आबादी वाले क्षेत्र में हुआ। अफगानिस्तान में काफी समय से लंबित विधायी चुनावों के लिए 14 अप्रैल से पंजीकरण शुरू हुआ। चुनाव अधिकारियों ने माना है कि चुनावों के दौरान सुरक्षा चिंता का विषय है

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400